PART - I

| Paper Code |
|---|
| 01 |
| Subject |
| Hindi |

103776

PART - II

**Subject : Hindi**

103776

| | |
|---|---|
| Paper Code: | **01** |
| Total Pages : | |
| Time | **3 Hours** |
| Maximum Marks : | **100** |

TO BE FILLED BY THE CANDIDATE

| | |
|---|---|
| Roll No. (In words) | |
| Name of the candidate | |
| Date of Birth (DD/MM/YYYY) | |
| Father's Name | |
| Signature of the candidate | |
| Date of Examination | |

Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |

Invigilator must check the Roll No. and Photo ID. of the candidate, then Sign. here :

TO BE FILLED BY INVIGILATOR

If candidate found using unfair means them Invigilator should fill up this bubble with black/blue ball pen & report to the Centre Superintendent:

## IMPORTANT NOTES
## महत्त्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question-Answer Booklet properly before answering.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार से भर लें ।

(B) The question paper is divided into different unit and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं ।

(C) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **अंग्रेजी या हिन्दी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(D) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words; failing this, marks will be deducted.
अभ्यर्थियों को अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जायेंगे ।

(E) Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. name, address, telephone number, Name of God etc. or any irrelevant words other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained, if Roll Number is not filled correctly on the O.M.R. Sheet.
किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ़ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी अपना नाम, रोल नंबर अथवा अन्य कोई पहचान चिह्न यथा -- प्रश्नोत्तर में नाम, पता, दूरभाष नंबर, देवताओं के नाम अथवा अन्य कोई भी प्रश्नोत्तर से असम्बंधित शब्द, वाक्य एवं अंक आदि न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा । ओ.एम.आर. पत्रक पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा उसके प्राप्तांकों में से 5 अंक भी काटे जा सकते हैं ।

(F) Candidates are directed that they should not write (answer) out side the border line in every page. Answer written out side the border line will not be checked by the Examiner.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रत्येक पृष्ठ में बनाई गई बार्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें । बार्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को परीक्षक द्वारा जाँचा नहीं जायेगा ।

(G) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

(H) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थीयह सुनिश्चित कर लेंकि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है ।

(I) Candidate should fill up all desired details on this attached OMR sheet of Question-Answer Booklet with **blue** ball point pen. Please ensure that this OMR Sheet is not torn or damaged.
अभ्यर्थी प्रश्नोत्तर पुस्तिका के ऊपर संलग्न इस ओ.एम.आर. पत्रक पर सभी वांछित विवरण **नीले** बॉल पेन से सावधानीपूर्वक भरें । ध्यान रखें कि यह ओ.एम.आर. पत्रक कहीं से कटे-फ़टे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(J) This **OMR** Sheet consists of **Two** parts, in which some information is pre-printed; remaining details have to be filled by the candidate.
यह **ओ.एम.आर**. पत्रक **दो** भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं । शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है ।

(K) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly, bring it to notice of invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है, तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा ले, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

**विशेष नोट :**

अभ्यर्थी द्वारा यदि ओ.एम.आर. पत्रक पर गलत सूचना भरी जाती है या उसे किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा संपूर्ण परीक्षा हेतु अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

**Special Notes :**

If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage it or any marking as identification is done, then his candidature for the entire examination shall be rejected by the commission, for which he will be liable.

SPACE FOR ROUGH WORK

## HINDI COMPULSORY

**(Total 100 Marks)**

**(Total 18 Question)**

अनुभाग – अ

अंक :30

1. (क) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए : 1

   (i) नदी + अर्पण =

   (ii) वर्षा + ऋतु =

   (ख) निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए : 1

   (i) तद्रूप =

   (ii) सुषुप्ति =

2. (क) दिए हुए शब्दों से सामासिक–पद बनाइए : 1

   (i) आशा को लाँघकर गया हुआ =

   (ii) पुरुषों में उत्तम =

   (ख) निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह कीजिए : 1

   (i) रेलगाड़ी =

   (ii) कोकिलकंठी =

3. (क) निम्नलिखित उपसर्ग के योग से **दो** शब्द बनाइए : 1

ब = (i) ……… (ii) ………

(ख) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग अलग कीजिए : 1

(i) व्यग्र =

(ii) अध्याय =

4. (क) निम्नलिखित प्रत्ययों के योग से **एक-एक** शब्द बनाइए : 1

(i) इल =

(ii) इयल =

(ख) निम्नलिखित शब्दों में विद्यमान प्रत्यय अलग कीजिए : 1

(i) श्रेष्ठ =

(ii) पनीला =

5. (क) निम्नलिखित शब्द के **दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1

मेंढक = (i) ……… (ii) ………

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1

(i) अर्वाचीन =

(ii) नमकहराम =

6. निम्नलिखित शब्द-युग्मों का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए : 2

(i) श्रवण – श्रमण =

(ii) अपत्य – अपथ्य =

7 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए सार्थक शब्द लिखिए : 2

(i) हर एक काम में जरूरत से ज्यादा देर लगाने वाला ________

(ii) जिस पर आक्रमण किया गया हो ________

(iii) किसी प्रस्ताव का समर्थन करने की क्रिया ________

(iv) वह जो कम बोलता है ________

8. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए : 2

(i) श्रंखला ____________________

(ii) हट्ठा-कट्ठा ____________________

(iii) उत्तरोतर ____________________

(iv) प्रदर्शिनी ____________________

9. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 2

(i) शब्द केवल संकेतमात्र हैं ।

____________________

____________________

(ii) ईश्वर के अनेकों नाम हैं ।

____________________

____________________

(iii) जो अपनी योग्यता के द्वारा कार्य करते हैं, वे अवश्य सफल होते हैं ।

____________________

____________________

(iv) बालक को धोकर फल खिलाओ ।

____________________

____________________

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए : 4

(i) अंगारों पर लोटना

(ii) टका-सा जवाब देना

(iii) पट्टी पढ़ाना

(iv) दाल न गलना

(v) आँखें पथरा जाना

(vi) छठी का दूध याद आना

11. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए : 4

(i) खरी मजूरी चोखा काम

(ii) लोहे को लोहा ही काटता है

(iii) नौ नकद न तेरह उधार

(iv) एक हाथ से ताली नहीं बजती

(v) सावन हरे न भादों सूखे

(vi) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी

12. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिंदी शब्द लिखिए : 4

(i) Ex-officio

(ii) Prerogative

(iii) Retrenchment

(iv) Apprenticeship

(v) Indemnity

(vi) Abdication

(vii) Acceleration

(viii) Sub judice

## अनुभाग – ब

अंक : 50

13. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जनता के सम्पूर्ण जीवन को स्पर्श करने वाला क्षात्र-धर्म है । क्षात्र-धर्म के इसी व्यापकत्व के कारण हमारे मुख्य अवतार राम और कृष्ण क्षत्रिय हैं । क्षात्र-धर्म ऐकान्तिक नहीं है । उसका संबंध लोक-रक्षा से है । कर्म सौन्दर्य की योजना क्षात्र-जीवन के जितने रूप में सम्भव है, उतने रूपों में और किसी जीवन में नहीं । शक्ति के साथ क्षमा, वैभव के साथ विनय, पराक्रम के साथ रूप-माधुर्य, तेज के साथ कोमलता, सुख-भोग के साथ परदु:ख कातरता; प्रताप के साथ कठिन धर्म-पथ का अवलम्बन इत्यादि कर्म सौन्दर्य के इतने अधिक प्रकार के उत्कर्ष-योग और कहाँ घट सकते हैं ? शिष्टों का आदर, दीनों पर दया, दुष्टों के दमन आदि जीवन के अनेक रूपों का सौन्दर्य दिखाई पड़ेगा, वही सर्वांगपूर्ण लोक-धर्म का मार्ग होगा । क्षात्र-धर्म पालन की आवश्यकता संसार में सब दिन बनी रहेगी । कोई व्यापार-युग उसे नहीं हटा सकता ।"

(क) उपर्युक्त अवतरण का उचित शीर्षक देते हुए लगभग एक-तिहाई शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिये । 1 + 5

(ख) क्षात्र-धर्म जनता के सम्पूर्ण जीवन को स्पर्श करने वाला क्यों है ? 2

(ग) किन तत्त्वों को सर्वांगपूर्ण लोक–धर्म मार्ग का आवश्यक घटक माना गया है ? 2

14. निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी **एक** का भाव–विस्तार कीजिए : 10

(i) जैसी संगत बैठिए तैसोई फल दीन

(ii) जहँ सुमति तहँ सम्पत्ति नाना

15. जिला कलेक्टर, अजमेर की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अजमेर को ग्रीष्मकाल में शहर की दूर-दराज की बस्तियों में समुचित जल-वितरण व्यवस्था हेतु एक कार्यालयी पत्र लिखिए।

**अथवा**

गर्ग पुस्तक केन्द्र, जोधपुर की ओर से नवजीवन प्रकाशन, बीकानेर को एक व्यावसायिक पत्र लिखिए जिसमें उनके यहाँ से प्रकाशित पुस्तकों की सूची तथा प्रकाशनों पर दी जाने वाली छूट की सूचना माँगी गयी हो। **10**

16. शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से राजकीय व्यय में मितव्ययता अपनाने हेतु समस्त विभागों के लिए एक परिपत्र जारी कीजिए ।

अथवा

प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, दौसा की ओर से कॉलेज की वार्षिक पत्रिका के मुद्रण हेतु निविदा सूचना का एक प्रारूप प्रस्तुत कीजिए । 10

17. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 10

Radhakrishnan points out that democracy as a system of government has not yet been successful. As a political arrangement, it is not very popular. The elected representatives have not any independence of initiative. They are helpless tools of a vast machine. There is a tendency in all democracies to standardize thoughts and beliefs. This condition is deadly to all creative enterprises. The play of thought and action is essential for the health of a community. This cannot be had in democracy as we see it today. So, Dr. Radhakrishnan says that we must strive for some better way of conducting human affairs than the so called democrative way.

अनुभाग – स

अंक : 20

18. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : (शब्द सीमा : लगभग **500** शब्द) **20**

(i) राजस्थान में पर्यटन का विकास

(ii) पर्यावरण संरक्षण